संक्षिप्त

स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर (निस)। खंडेलवाल वैश्य समाज एवं महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक विस्तृत विशेषज्ञ स्वास्थ्य चर्चा खंडेलवाल भवन खिरनी घाट भरतपुर पर आयोजन किया गया। महामंत्री मुरारी लाल खंडेलवाल द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम खंडेलवाल समाज के संरक्षक श्यामलाल गुप्ता, अध्यक्ष रमेश चंद गुप्ता, संत सुंदर दास सेवा संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रहलाद खंडेलवाल एवं मंत्री सुरेश मेठी, हरिशंकर मुसद्दी, मोहनलाल जसोरिया, एम एल रावत , महात्मा गांधी अस्पताल के डॉक्टर सुनील कुमार जियानी डॉक्टर नीलकमल गुप्ता, जे एस सिसोदिया एवं गणमान्य समाज बंधुओ के द्वारा संत सुंदर दास महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं भोग लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात समाज बंधुओ द्वारा डॉक्टर सुनील कुमार जयानी, डॉक्टर नीलकमल गुप्ता एवं जे एस सिसोदिया का साल पटका पहना कर के स्वागत किया गया। महात्मा गांधी अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा भी समाज के गणमान्य व्यक्ति श्यामलाल गुप्ता प्रहलाद खंडेलवाल रमेश चंद गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, सीए अंकुर खंडेलवाल, हरि शंकर एवं मुरारी लाल खंडेलवाल को साल और पटका पहना कर सम्मान किया गया। प्रोफेसर नीलकमल गुप्ता लेप्रोस्कोपी विशेषज्ञ द्वारा वर्तमान समय में इस भाग दौड़ वाली जिंदगी में अपने स्वास्थ्य ठीक रहे, उसके लिए दिनचर्या को व्यवस्थित करने एवं खाना खाने के तरीके पर सुझाव दिए, साथ ही प्रोस्टेट, हर्नियां, गुर्दे आदि को कैसे ठीक रखा जाए,के बारे में विस्तृत रूप से बताया। वरिष्ठ नागरिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील कुमार जियानी द्वारा 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को होने वाली बीमारियों के कारणों और उनके निराकरण के बारे में विस्तृत रूप से बताया , जिनमें हृदय रोग, किडनी, शुगर, लीवर आदि के बारे में बताया। साथ ही व्यक्तियों को उनकी बीमारियों के लिए प्रेस्क्रिप्शन भी दिया गया। जे एस सिसोदिया द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम सहभोज के साथ समाप्त हुआ।

पशुपालकों की संगोष्ठी आयोजित

भरतपुर (निस) हितैषी संस्थान ने पशु कल्याण पखवाडे के तहत प्रगतिशील पशुपालक थान सिंह की अध्यक्षता में सुवंत सोल्यूसन प्राइवेट लि0 तथा सेवानिवृत संयुक्त निदेशक डा0 अशोक अठावाल के सहयोग से ठाम नगला हींस ;न0 बरताईद्धमें दुग्ध उत्पादक पशुपालको की एक संगोष्ठी आयोजित की। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डा0 अशोक अठावाल ने पशुओ में बॉझपन की समस्या, पोषण, प्रजनन तथा सर्दियों में बच्चो की देखभाल से पशुपालको को अवगत कराया। डा0 अठावाल ने कहा कि सर्दीयों के मौसम में पशुओं की विशेषरूप से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाने से उनकी मृत्यु दर बढ जाती है अत: इन्हें धूप निकलने के बाद ही बन्द स्थान से बाहर निकालें, ताजा पानी पिलावें तथा रात में शरीर पर जूट की बोरी या गद्दा से ढककर रखें। बन्द पशु बाडे में बल्ब जलाकर रखने से भी आन्तरिक वातावरण गर्म रखा जा सकता है। उन्होनें पशुओं में इंजैक्सन ओक्सीटोसिन का उपयोग कर जबरन दुग्ध उत्पादन लेने तथा अधिक एन्टीबायोटिक का उपयोग करने के दुष्प्रभावो से भी अवगत कराया। हितैषी संस्थान के डा0 योगेन्द्र सिह ने पशुपालको की समस्याएं जानकर पशुओं में कलीली जूएं थनेला रोग आदि के साथ बॉझपन समस्या तथा कम उत्पादित दुधारू पशुओं में दुग्ध उत्पादन बढाने के लिए सुवंत सोल्यूसन के वैज्ञानिक प्रमाणित उत्पादों की जानकारी देकर पशुपालको को अधिक दुग्ध उत्पादन से अपनी आय बढाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पशुधन सहायक रवि स्वामी तथा गौरव फौजदार के साथ पशु पालक पूरन सिह, मनोज सिह, वीरमति देवी, रूपवती, अरूण, सीमा, कल्पना, खुशबू, कमलेश ,राधा तथा वृजेश आदि 35 पशुपालक उपस्थित हुए। आभार प्रगतिशील पशु पालक हाकिम सिह ने व्यक्त किया।

स्थापना दिवस मनाया

करौली। कैलादेवी टेंपल ट्रस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री केलादेवी में यंग इंटेक क्लब द्वारा भारतीय संस्कृति निधि का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इंटेक करौली चैप्टर के सह-संयोजक राव शिवराज पाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पूर्वा मुखर्जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि वर्ष 1984 में भारत की मूर्त और अमूर्त विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से इस संस्था की स्थापना की गई थी।

सेवा और समर्पण का महाकुंभ, अपना घर संस्था के सेवा प्रकल्पों ने रचा विश्व कीर्तिमान

भरतपुर (निस)। विगत 25 वर्षों से निराश्रितों की सेवा में समर्पित माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपना घर संस्था के कार्यों को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्डस द्वारा वैश्विक मान्यता दी गई है। संस्था द्वारा एक साथ 6,602 प्रभुजनों (निराश्रितों) को अपना घर आश्रम भरतपुर के एक ही केंद्र पर उन्हें सुरक्षित आश्रय और उपचार सहित जीवन यापन की सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के कार्य को विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

वर्ष 2000 में शुरू हुई इस यात्रा में अब तक 65,000 से अधिक प्रभुजनों को प्रवेश दिया जा चुका है। संस्था का सबसे बड़ा मानवीय कार्य यह है कि इनमें से 36,000 से अधिक प्रभुजनों को स्वस्थ कर उनके अपनों से मिलाया गया और देश के कोने-कोने में स्थित उनके घरों तक सम्मानपूर्वक पहुँचाया गया है। संसार की विशालता का इस बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि संस्था के 12 राज्यों में तथा नेपाल सहित कुल 70 आश्रमों का संचालन किया जा रहा है जिनमें कुल 16000 से अधिक प्रभु जी निवास कर सेवाएं ले रहे हैं। जिनकी सेवा में 1,500 स्टाफ और 240 वाहनों का बेड़ा (100 एम्बुलेंस) लगी हैं। संस्था से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 10 लाख से ज्यादा लोग जुड़े हैं, जबकि डेढ लाख से अधिक सहयोगियों ने केवल 1 वर्ष में विभिन्न केंद्रों में अपनी सेवाएँ और सहयोग प्रदान किया है। विशेष बात यह है कि बिना चंदा, बिना सरकारी सहायता संस्था का संचालन पूरी तरह ईश्वरीय आस्था पर टिका है। बिना किसी राजकीय सहायता और बिना चंदा मांगे, प्रतिदिन 30 लाख रुपये (केवल भरतपुर केंद्र पर 7.5 लाख रुपये) का व्यय होता है। केवल कोटा जयपुर एवं अजमेर आश्रम को आंशिक राजकीय सहयोग प्राप्त है जो संस्था के कुल बजट का 2 प्रतिशत से भी कम है दैनिक आवश्यकताओं के लिए प्रतिदिन ठाकुर को चिट्ठी लिखी जाती है और प्रभु कृपा से सेवा का यह चक्र निर्बाध चलता रहता है। यहां अपना घर आश्रम, भरतपुर में प्रभुजनों के लिए ऐसी व्यवस्थाएं हैं जो दुनिया के किसी भी सेवा केंद्र के लिए मिसाल हैं। अत्याधुनिक सुविधाएं, यहाँ प्रभुजनों के लिए पूरी तरह नि:शुल्क कैफेटेरिया, सिनेमा हॉल, शॉपिंग सेंटर और स्प्रीचुअल पार्क संचालित हैं।

वर्गीकृत देखभाल के हिसाब से यहां हर बीमार व्यक्ति तक व्यक्तिगत सेवा पहुँचाने के लिए माता-बहनों और पुरुषों के लिए उनकी बीमारी के अनुसार 26-26 अलग-अलग तरह के वार्ड (होम्स) बनाए गए हैं। यहां की ईश्वरीय एवं आध्यात्मिक सेवा के कारण यह भरतपुर का अपना घर एक आस्था का केंद्र बनता जा रहा है जिसमें देश भर से लोग बसों और निजी वाहनों पर अपना घर तीर्थ यात्रा का बैनर लगाकर यहाँ की निस्वार्थ सेवा को देखने और जुड़ने आते हैं। संस्था इस विश्व रिकॉर्ड को कोई व्यक्तिगत उपलब्धि न मानकर अपनी बढ़ती हुई जिम्मेदारी के रूप में देखती है। संस्था का मूल संकल्प है कि किसी भी असहाय को संसाधनों के अभाव में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा। यह रिकॉर्ड उन हज़ारों बेसहारा लोगों की मुस्कान को समर्पित है, जिन्हें यहाँ नया जीवन मिला है तथा उन सेवाभावी, सहयोगी, सेवा साथी एवं दिन रात सेवा में सेवारत रहे उन सहयोगियों के लिए है जो इन असहाय बीमार प्रभु जनों की सेवा को अपनी पूजा एवं आराधना मानते हैं।

रस्साकशी प्रतियोगिता में सिरसौदा की टीम रही विजेता

रूपवास। कस्बे के मेला मैदान में नगरपालिका के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे बसंत पशु मेला एवं प्रदर्शनी के अंतर्गत खेल गतिविधियों की श्रृंखला में रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी अमर सिंह अंधाना के मुख्य आतिथ्य में हुआ, जिसमें क्षेत्रवासियों की भारी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक हरिओम सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि रस्साकशी प्रतियोगिता में क्षेत्र की 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह बना रहा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ठाम सिरसौदा एवं ठाम ओड़ेला की टीमों के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला कुल तीन राउंड तक चला, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।

जागरूकता शिविर का आयोजन

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के निर्देश पर वीर परिवार सहायता योजना के तहत सैनिक कल्याण बोर्ड, गोवर्धन गेट, भरतपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर माधवेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को उनसे संबंधित जानकारी, कानूनी संबंधी, नि:षुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, लोक उपयोगिता सेवाएं जैसे- वायु, सडक, जल, परिवहन, डाक, टेलीफोन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, अस्पताल, बीमा, बैंक, आवास, पेट्रोल, षिक्षा एवं भू-संपदा सेवाओं से संबंधित षिकायतों के निस्तारण हेतु जिला स्तर पर स्थायी लोक अदालतों का गठन किया गया है, जिससे आमजन की लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों का सोहाद्रपूर्ण तरीके से शीघ्र निस्तारण किया जा सके आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर मृगराज मनहर द्वारा वीर परिवार योजना के तहत सैनिकों को नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। षिविर का संचालन कर्नल अनिल कुमार चौहान द्वारा किया गया एवं उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

राखी राठौर के पदभार ग्रहण में करौली से कार्यकर्ताओं की भागीदारी

करौली। जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौर के पदभार ठाहण कार्यक्रम में करौली जिले से महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अलका सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। करौली महिला मोर्चा की जिला संयोजक विद्या देवी वैष्णव के नेतृत्व में माया गुप्ता, सुमन वैष्णव, सुशील शर्मा, ज्योति शर्मा, बबली देवी, अंजली देवी, निरमा देवी, मेघा शर्मा, सीमा, कल्पना, संतोष, रेखा और अन्नपूर्णा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।

करौली में प्रदर्शन, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

करौली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जनवरी 2026 में अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता संवर्धन विनियम, 2026 के विरोध में करौली में सर्व समाज के लोगों ने बाजार से कलेक्ट्रेट तक पैदल जुलूस निकालकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ये विनियम संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के अंतर्गत प्रदत्त समानता, निष्पक्षता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं। उनका आरोप है कि नियमों में झूठी और दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर दंडात्मक प्रावधान नहीं होने से शैक्षिणक संस्थानों में भय और असंतोष का वातावरण बन सकता है।

सात दिवसीय स्काउट यूनिट लीडर प्रशिक्षण शिविर जारी

हिंडौन सिटी । राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वावधान में कुठीला बालाजी पहाड़ी, टोडाभीम पर 27 जनवरी से 2 फरवरी तक सात दिवसीय स्काउट यूनिट लीडर एडवांस कोर्स एवं यूनिट लीडर बेसिक कोर्स शिविर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर के तीसरे दिन एडवांस कोर्स में तृतीय सोपान तक का पाठ्यक्रम, नक्शा निर्माण, प्राथमिक सहायता द्वितीय एवं तृतीय सोपान, द्वितीय सोपान की गांठें, कैंप क्राफ्ट, टेंट पिचिंग तथा प्रोजेक्ट कार्यों के अंतर्गत ट्रेसल, एच आकार बस स्टैंड, बाल्टी स्टैंड, अस्थायी सीढ़ी और शूज स्टैंड आदि का प्रशिक्षण दिया गया। बेसिक कोर्स में पेट्रोल सिस्टम एवं उसका महत्व, स्काउट आयु वर्ग के बालकों की विशेषताएं व आवश्यकताएं, प्राथमिक सहायता, स्टेचर प्रथम सोपान, प्रथम व द्वितीय सोपान की गांठें, मानसभा और कैंप फायर से संबंधित प्रशिक्षण कराया गया। प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर भयसिंह मीणा ने बताया कि स्काउट गतिविधियों से प्रतिभागियों में चरित्र निर्माण, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सेवा भाव का विकास होता है। शिविर संचालक राम अवतार शर्मा ने स्काउट टोली विधि और मानसभा के बारे में जानकारी दी, जबकि सहायक शिविर संचालक ने प्रथम और द्वितीय सोपान की गांठों व लेसिंग का प्रशिक्षण दिया। सचिव गिर्राज सिंह ने शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए संभागियों से मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का आठाह किया। शिविर में 50 से अधिक संभागी भाग ले रहे हैं।

भानु प्रताप सिंह बने अध्यक्ष

भरतपुर (निस)। जिला शतरंज संघ की कार्यकरिणी का चुनाव स्काउट गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर के ओडोटोरियम में आयोजित हुआ है। इसमें चुनाव अधिकारी दीनदयाल तिवारी प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. रेल्वे स्कूल राजस्थान शतरंज संघ के पर्यवेक्षक सयुंक्त सचिव आशा भार्गव जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र लोहागढ स्टेडियम के पर्यवेक्षक खेलाधिकारी आशीष सिघंल जिला ओलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक रमेश इन्दौलिया सचिव जिला ओलम्पिक संघ मौजूद रहे। इसके तहत भानु प्रताप सिंह को अध्यक्ष एवं महेन्द्र सिंह भोहरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। सतीश कुमार आर.टी.ओ., अतुल मित्तल सी.ए. विवेक गोयल खेल सचिव जिला क्लब भरतपुर, नेम सिंह फौजदार पूर्व प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय, राधा रानी अठावाल प्राचार्य को उपाध्यक्ष चुना गया।

सौर ऊर्जा की भूमिका पर विस्तृत व्याख्यान

भरतपुर (निस)। महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में इको क्लब एवं बोटनीकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में सौर ऊर्जा पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया द्य इस कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजव्वलन एवम् माल्यार्पण द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ0 अर्चना सिंह ने की। वनस्पति शास्त्र परिषद के समन्वयर डॉ0 जितेंद्र कुमार रैंकवार ने मुख्य वक्ता एवं अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भौतिक शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 कमलेश वर्मा रही।

जिन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने में भी सहायक सिद्ध हो रही हैं।

इको क्लब की संयोजिका डॉ0कृति शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में बढते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच सौर ऊर्जा एक स्वच्छ सुरक्षित एवम् सतत् विकल्प के रूप में उभर कर सामने आई है। कार्यक्रम के अंत में डॉ0 नेहा मीणा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति शास्त्र परिषद की अध्यक्ष कु. कामिका द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार मीणा, डा. पुजारी ठाकुर सिंह, अनुरुप, शिवकुमार, राकेश कुमार सिंह एवं बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संविदा निविदा कार्मिकों के नियमितीकरण की मांग

करौली। राजस्थान समठा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उदयसिंह डिंगार के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जयपुर में संसदीय कार्य एवं विधि मंत्री जोगाराम पटेल से उनके आवास पर मुलाकात कर विभिन्न मांगें रखीं। प्रतिनिधिमंडल में करौली जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओडच, जिला मंत्री मदन मोहन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम, शंभू सिंह जादौन, घनश्याम इमराज सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारी शामिल रहे। संगठन ने मांग की कि संविदा सेवा नियम 2022 के तहत कार्यरत कार्मिकों को अनुभव और योग्यता के आधार पर नियमित कर नियमित वेतन श्रंखला प्रदान की जाए। साथ ही निविदा और प्लेसमेंट के तहत कार्यरत कार्मिकों को संविदा नियमों के अंतर्गत समायोजित किया जाए।

वीएमओयू की नई पहल, छह माह का कर्मकांड में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू

- **स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा सर्टिफिकेट सहित सभी कोर्सो में 31 जनवरी तक लें प्रवेश**
- **प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन, महिला विद्यार्थियों को निशुल्क फीस का पुनर्भरण राज्य सरकार द्वारा**

भरतपुर (निस)। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने शैक्षिणक सत्र जनवरी 2026 से एक नया कर्मकांड विषय में 6 माह का कोर्स शुरू किया है। इस कोर्स में कुल तीन पेपर होंगे, पहला पेपर नित्यकर्म प्रयोग दूसरा गृह- शांति प्रकरण और तीसरा प्रायोगिक पेपर होगा। प्रत्येक पेपर 4 क्रेडिट सहित कुल 12 क्रेडिट के होगे। मान्यता प्राप्त बोर्ड से सीनियर सेकेंड्री पास विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकता है।

क्षेत्रीय केंद्र भरतपुर के निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के साथ-साथ स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। विद्यार्थी 31 जनवरी तक प्रवेश ले सकते है। वीएमओयू की दूरस्थ शिक्षा महिलाओं और गृहणियों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है। महिला विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा फीस का पुनर्भरण राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा।

क्षेत्रीय केंद्र भरतपुर के सहायक कुलसचिव एसबी सिंह ने बताया कि खुला विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नात्कोत्तर, डिप्लोमा एवं में सर्टिफिकेट सहित सभी पाठ्यक्रमो में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी नियमों को विवरणिका के माध्यम से सुनिश्चित करने के उपरांत सही पाठ्यक्रम और अन्य आवश्यक जानकारी और दस्तावेज़ अपलोड करने के बाद विद्यार्थियों को ऑनलाइन शुल्क जमा कर 31 जनवरी 2026 तक प्रवेश ले सकते हैं।

सहायक कुलसचिव एसबी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर बी.एल. वर्मा के निर्देशन में छात्रों की सुविधा के लिए ऑनलाइन सेवाएँ दी जा रही हैं। इससे दूर-दराज़ के विद्यार्थी आसानी से प्रवेश ले पा रहे हैं। साथ ही अध्ययन केंद्रों के माध्यम से छात्रों को पढ़ाई से जुड़ा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। प्रवेश लेते समय पोर्टल पर उपलब्ध परीक्षा केन्द्र चुनने का बेहतर विकल्प उपलब्ध है। इसके बाद भी यदि किसी छात्र का स्थानान्तरण अथवा किसी अन्यत्र शहर में रहने के दौरान उस शहर में परीक्षा देना चहता है तो उसे परीक्षा से केंद्र परिवर्तन का विकल्प चालू होने पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकृत मोबाइल पर ओटीपी डालकर परीक्षा शहर परिवर्तन कर सकता है।

विधायक डॉ. गर्ग ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का उठाया मुद्दा

भरतपुर (निस)। राजस्थान विधान सभा में नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव के दौरान पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने भरतपुर विधान सभा क्षेत्र के ठामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का मुद्दा जोरदारी के साथ उठाते हुये पांच डेनों की बनी डीपीआर को शीघ्र पूर्ण कराकर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की।

डॉ. गर्ग ने राज्य विधानसभा पटल पर ठामीण क्षेत्र में जलभराव की समस्या का मुद्दा उठाते हुये कहा कि भरतपुर के गांव जघीना, भवनपुरा, जिरौली, बराखुर, नगला लोधा, अस्तावन, मडरपुर, पीरनगर, नगला केवल, नौगाया, गांवडी, बछामदी, रूंध इकरन, खैमरा आदि गांवों में पिछले वर्षों में लगातार सामान्य से अधिक बरसात होने के कारण कृषि भूमि में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। इन क्षेत्रों का ढलान कम होने के कारण प्राकृतिक रूप से पानी का निकास किसी नाले में होने हो पाता है। इन क्षेत्र के उत्तरी भाग में अजान बांध से निकलने वाली अजान कैनाल प्रभावित होती है।

डॉ. गर्ग ने कहा कि इसकी टेल गांव नौगाया-पीपला के पास कृषि भूमि में जाकर मिलती है। वर्षा के कारण खेतों में पानी भर जाने से खरीफ की फसल तो खराब हो जाती है, वहीं रबी की फसल की भी बुवाई प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि काश्तकारों द्वारा पानी लिफ्ट कर अजान कैनाल में डालने का प्रयास किया जाता है। तो नहर का पानी टेल पर कृषि भूमि में जाने के कारण टेल के काश्तकारों द्वारा विरोध किया जाता है। उन्होंने कहा कि पानी निकासी के लिये जघीना डेन प्रथम एवं द्वितीय, बराखुर डेन प्रथम एवं द्वितीय, नगला केवल डेन, जिरौली डेन प्रस्तावित की गई हैं लेकिन अवाप्ति के कारण इन कार्यों को पूर्ण होने में दो वर्ष का समय लगना संभावित है।

नोटिस जारी किए

भरतपुर (निस)। जिला निष्पादन समिति की बैठक जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर शाला सम्बलन के तहत निरीक्षण में पिछडने पर 12 शिक्षा अधिकारियों को नोटिस प्रदान किये गये। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान में कम प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप निरीक्षण नही करने वाले सभी शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में लक्ष्यों के अनुरूप कार्य नही करने को गम्भीरता से लिया जाएगा। संबधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनवरी माह में विभाग की सभी योजनाओं में प्रदेश में अठाणी रहने के लिए टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित रूप से मिड-डे मील का निरीक्षण करने एवं गुणवत्ता बनाये रखने के लिए जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये।

सार-समाचार

यूजीसी एक्ट का विरोध

भरतपुर (निस)। भरतपुर में ब्राह्मण समाज के लोगों ने केंद्र सरकार द्वारा 13 जनवरी को पारित किए गए यूजीसी एक्ट का विरोध किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कि यह कानून समतावाद की भावना के खिलाफ है और इससे जातिगत विद्वेष फैलने की आशंका है। उन्होंने संविधान में सभी को समानता का अधिकार होने का हवाला देते हुए इस एक्ट को तुरंत वापस लेने की मांग की । ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा एवं समता आंदोलन समिति के संयोजक केदारनाथ पाराशर ने बताया कि केंद्र सरकार यूजीसी एक्ट 13 जनवरी को पास किया है। उसके विरोध में आज यहां समाज के लोग इकट्ठे हुए हैं। सरकार एक तरफ कहती है कि समतावाद होना चाहिए। इस एक्ट के माध्यम से जातिगत विद्वेष फैलाने का काम किया गया है। इस तरह का कानून वापस होना चाहिए। देश के सभी लोगों को संविधान समानता का अधिकार देता है। उसके बाद सरकार इस तरह के कानून क्यों पारित करती है। हमारी मांग है कि इस तरह के एक्ट को वापस लिया जाए और भविष्य में इस तरह के कानून नहीं बनाए जाएं। अगर यह बिल वापस नहीं लिया जाएगा तो, समाज कोई भी कदम उठाने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, श्री ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डाक्टर लोकेश शर्मा, समताआन्दोलन जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, सर्व मित्र मंडल फाउंडेशन जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल,सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष ताराचन्द चिचाना,सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक कमलकिशोर शर्मा,पुष्पेन्द्र लवानियां,समता आन्दोलन सह सचिव अशोक कुमार सारस ,सत्यदेव शर्मा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, गोरधन शर्मा, देवेन्द्रमोहन तिवारी,मानवाधिकार संघ अध्यक्ष राजेन्द्र भारद्वाज,विष्णुदत्त शर्मा,ईश्वरीप्रसाद शर्मा, रामेश्वर अमीन, जयप्रकाश शर्मा, तपन शर्मा,मनीष तिवारी, विश्वेन्द्र सिंह ठाकुर, सागर चतुर्वेदी, अमित गोरावर, कैलाश चन्द पाराशर, आलोक भारद्वाज, अजीत भारद्वाज गामरी, नितिन लवानियां,पंडित मनोज, प्रतीक शर्मा आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

पदयात्रा श्याम बाबा के जयकारों के साथ रवाना

सूरौठ। सूरौठ तहसील के समीपवर्ती ठाम सोनपाल के पुरा से हिंडौन सिटी स्थित खाटू श्याम जी मंदिर के लिए प्रथम पदयात्रा का शुभारंभ बडे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र से कई संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए, श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ते नजर आए। मार्ग में जगह-जगह ठामीणों व सामाजिक संगठनों द्वारा पेयजल, जलपान व पुष्प वर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया गयाहरिमोहन सैनी, फूलसिंह, यादराम, रामचरण,बदन, भाग्यसिंह, राममोहन, ओमी, राधामोहन, मुकेश व शेखर शर्मा सहित सभी आयोजकों ने बताया कि इस प्रथम पदयात्रा का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक आस्था, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। यात्रा के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन में स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा । इस ऐतिहासिक प्रथम पदयात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

बयाना भरतपुर (निस)। अखिल भारतीय अठावाल सम्मेलन के राष्ट्रीय सचिव राजेश गोयल के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी दीपक मित्तल जी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (न्छब्) द्वारा प्रस्तावित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी विनियम 2026 के संबंध में अपनी गंभीर चिंता एवं आपत्ति दर्ज कराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा उक्त विनियम का उद्देश्य भले ही 'समता' को प्रोत्साहित करना बताया गया है, परंतु इसके प्रावधान व्यवहार में सामाजिक न्याय की मूल भावना को कमजोर करते हुए चयनित पक्षपात को बढ़ावा देने वाले प्रतीत होता हैं। विनियम में प्रयुक्त विशेषकर/केवल उन्हीं के लिए जैसी भाषा निष्पक्षता, समान अवसर और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। हमारा मानना है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में समरसता, निष्पक्षता और समान अवसर का वातावरण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। किंतु यह विनियम चुगली-संस्कृति (ब्बउचसंपदज ब्नसजनतम) को प्रोत्साहित करता हुआ प्रतीत होता है, जिससे वर्ग आधारित टकराव को संस्थागत स्वरूप मिल सकता है। इससे शिक्षा परिसरों में भय, असुरक्षा, अविश्वास एवं द्वेष का वातावरण उत्पन्न होने की प्रबल आशंका है। विशेष रूप से चिंता का विषय यह है कि झूठी, दुर्भावनापूर्ण एवं प्रायोजित शिकायतों पर कठोर दंड तथा शिकायतकर्ता और आरोपित दोनों के लिए समान एवं संतुलित सुरक्षा के स्पष्ट प्रावधान इस विनियम में अनिवार्य रूप से सम्मिलित नहीं किए गए हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्राकृतिक न्याय सर्वोपरि होता है, जबकि यह ढाँचा आरोपी को प्रारंभ से ही दोषी मानने जैसी मानसिकता को बढ़ावा देता है।

गांजा सहित